दैनिक जागरण inext

Bareilly, Monday, 12 May 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50
Pages 10

**PAGE NO 4 : MIDDLE**

# 'तुम पुकार लो तुम्हारा इंतजार है'

## रिद्धिमा में गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने अर्पित की स्वरांजलि

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (11 May):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन कार्यक्रम स्वरांजलि का आयोजन हुआ. इसमें रिद्धिमा के गायन गुरु और गायन के विद्यार्थियों ने अपने स्वरों की साधना से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम का आरंभ गायन की विद्यार्थी स्वरित तिवारी ने 'मोहब्बत करने वाले कम न होंगे' को अपनी आवाज देकर किया. भरतनाट्यम गुरु तनया भट्टाचार्य और गायन के विद्यार्थी डॉ. अनुज कुमार ने हेमंत कुमार के सुप्रसिद्ध गाने 'तुम पुकार लो तुम्हारा इंतजार है' को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया. गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और गायन के विद्यार्थी अंशुमा अग्रवाल ने गीत 'किसी राह में किसी मोड़ पर' को अपनी आवाज दी. गायन की विद्यार्थी इंदू परडल ने मेहंदी हसन की प्रसिद्ध गजल 'मुझे तुम नज़र से गिरा तो रहे हो' को अपनी आवाज में श्रोताओं समक्ष प्रस्तुत किया. विजुअल आर्ट गुरु गौरव कुमार ने गीत 'ये जमी रुक जाये' और गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत 'तुझे याद कर लिया है' को अपनी आवाज देकर मंत्रमुग्ध किया. इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग रहे. गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने मेहंदी हसन की दूसरी प्रसिद्ध गजल 'रंजिश ही सही दिल को' अपनी आवाज में प्रस्तुत किया तो गायन गुरु प्रियंका ग्वाल के साथ फिल्म जब वी मेट के गाने 'आओगे जब तुम ओ साजना' को भी अपने स्वर दिए. अंत में गायन गुरुओं और गायन के विद्यार्थियों ने एक साथ गीत 'तेरे इश्क़ की इन्तहा' को प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शैलेश सक्सेना सहित शहर के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे.



सुंदर प्रस्तुति से मोहा मन.